प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भो□ाल

दो□हर समाचार

दिनांक 20.07.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

कॉन्क्लेव

प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास से रोजगार और व्यापार को बढ़ावा देने के लिये जबलपुर में आज रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। सम्मेलन में प्रमुख उद्योगपतियों, विभिन्न उद्योग संघों के प्रतिनिधियों और प्रमुख विदेशी प्रतिनिधियों सहित 3 हजार 500 से अधिक उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियाँ हिस्सा ले रही है। सम्मेलन का उद्देश्य क्षेत्रीय क्षमता का दोहन कर औद्योगिक विकास में क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करना है। जबलपुर क्षेत्र की औद्योगिक क्षमताओं और अवसरों से निवेशकों को रू–ब–रू करवाकर क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना है। जबलपुर और आसपास के क्षेत्र की निवेश संभावनाओं पर केंद्रित 5 क्षेत्रीय सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें कृषि, खाद्य एवं डेयरी प्र–संस्करण, रक्षा, खनन एवं खनिज, कपड़ा और परिधान तथा पर्यटन शामिल है। सम्मेलन में 300 से अधिक क्रेता–विक्रेता मीटिंग्स और वन–टू–वन चर्चा भी होंगी। निवेशकों को महाकौशल का अनुभव प्रदान करने के लिए जबलपुर एक्सपो और रक्षा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है।

....

सर्वदलीय बैठक

केन्द्र सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी विपक्षी दलों से सहयोग का अनुरोध करेगी।बजट सत्र सोमवार से शुरू होकर अगले महीने की 12 तारीख तक चलेगा। आम बजट मंगलवार को पेश किया जाएगा। ये नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है।

....

नागर विमानन हवाई अड्डा

नागर विमानन मंत्रालय ने बताया है कि सभी हवाई अड्डों पर विमान संचालन प्रक्रिया सामान्य रूप से शुरू हो गई है। माइक्रासॉफ्ट में गड़बड़ी के कारण कल उड़ानें प्रभावित हुई थीं। एक बयान में मंत्रालय ने बताया है कि जो गड़बड़ी आई थी, उसे ठीक किया जा रहा है। यह भी कहा गया है कि सरकार हवाई परिचालन की लगातार निगरानी कर रही है।

....

नगरीय निकाय

नगरीय निकाय एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सभी नगर निगमों में सौलर ऊर्जा का अधिकाधिक उपयोग किये जाने के निर्देष दिये है। नगर पालिक निगमों के कार्यों की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय सोलर पावर प्लांट लगा सकते हैं, इससे बिजली की बचत होगीं। सौर ऊर्जा से बिजली बिल कम कर राशि को विकास कार्यों में लगाया जा सकता हैं। वहीं नगरीय निकाय प्रधानमंत्री सूर्य लक्ष्मी योजना से निजी भवन मालिकों को घरों पर सोलर पावर प्लांट लगाने के लिए प्रोत्साहित भी करें।

....

लोक अधिकार केंद्र

शिवपुरी जिले में राज्य ग्रामीण आजीविका समूह की महिलाओं को सशक्त करने और उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लोक अधिकार केंद्र की शुरुआत की गई है। इसके लिए लोक अधिकार केंद्र पर महिला समूह की पदाधिकारियों को ही जिम्मेदारी दी गई है। यह महिलाएं अपने समूह की साथी महिलाओं की शिकायतें सुनेंगी और उन्हें उन्हें विभिन्न फोरम पर ले जाएंगी।

म.प्र. दीन दयाल अंत्योदय योजना ;डेद्धराज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला प्रबंधक कामना सक्सेना ने बताया कि इस लोक अधिकार केंद्र की शुरुआत करने की मंशा महिला समूह को सशक्त बनाने के साथ ही महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

....

मौसम

प्रदेश में मानसून की गतिविधियां जारी है। बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने की वजह से पूरा प्रदेश भीग रहा है। आज भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत 21 जिलों में तेज बारिश होने का अनुमान है। सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा, खरगोन, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बताया कि लो प्रेशर एरिया बंगाल की खाड़ी पर एक्टिव हुआ है। अगले 24 घंटे में यह आगे बढ़ेगा। वहीं, साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी एक्टिव है, इस वजह से पूरे प्रदेश में तेज बारिश का दौर चलेगा। पिछले 24 घंटे के दौरान सीहोर के कोलार डैम, शहडोल के बाणसागर, खंडवा के इंदिरा सागर, नर्मदापुरम के तवा डैम, भोपाल के कलियासोत डैम, राजगढ़ के मोहनपुरा और कुंडालिया डैम में एक से ढाई फीट तक पानी बढ़ गया है।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- नीमच में शासकीय अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास की अधीक्षिका को कार्य में लापरवाही करने के लिये तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है ।
- रायसेन जिला मुख्यालय पर जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में कई कंपनियों ने अपने अपने स्टॉल लगाते हुए शिक्षित युवाओं का चयन किया।
- महात्मा गांधी नरेगा योजना में और पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से आगरमालवा में प्रशिक्षण सहकार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के सभी उपयंत्री एवं सहायक यंत्रियो को ई—एमबी का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

....